D.A.V. PUBLIC SCHOOL, THANE
2021-2022
PERIODIC TEST-II
SUBJECT: HINDI

STD: VIII **MARKS: 40**
DATE: 25.09.2021 **TIME: 1.5 hr**

GENERAL INSTRUCTIONS -

संपूर्ण प्रश्न - पत्र तीन खंडों में विभाजित है -

⇨ **खंड क -**

इस खंड के में पठित गद्यांश तथा व्याकरण दिया गया है, जिसके लिए कुल 14 अंक निर्धारित हैं तथा विकल्प (OPTION) भी दिया गया है|

⇨ **खंड ख -**

इस खंड में लेखन कौशल है| इसके लिए कुल 8 अंक निर्धारित हैं | जिसमें कोई एक अनुच्छेद लिखना अनिवार्य है | पत्र-लेखन के अंतर्गत कोई एक पत्र लिखना अनिवार्य (COMPULSORY) है |

⇨ **खंड ग -**

इस खंड में पाठ से संबंधित प्रश्न हैं | इसके लिए कुल 18 अंक निर्धारित हैं | उत्तर लिखते समय शब्द सीमा का ध्यान दें|

खंड- 'क'

1. **नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 1x5=5

सही समय पर सही चुनाव न करने वाला व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में असफल हो जाता है | जीवन का सफल कलाकार वह है जो अपने हर काम को सावधानीपूर्वक चुनता है | चुनाव में सावधानी न बरतने वाला व्यक्ति लाख प्रयत्न करने पर भी अपने जीवन को उचित लक्ष्य पर नहीं पहुँचा पाता है | जो व्यक्ति अपने खाने-पीने, खेलने-कूदने, पढ़ने-लिखने और मित्रों का चुनाव करने में सावधानी नहीं बरतता है उसकी दशा उस पेटू व्यक्ति की तरह हो जाती है जो बिना सोचे-समझे कुछ भी खाता रहता है | हमें हमेशा सोच-समझकर यह तय करना चाहिए कि

कब उठना, कब सोना, कितना खाना तथा क्या पहनना है | मित्र चुनते समय भी अच्छे लोगों से मित्रता करनी चाहिए |

क. कैसे लोग जीवन में सफलता प्राप्त कर पाते हैं?

१. सही समय पर गलत चुनाव करने वाले ३. सही समय पर सही चुनाव करने वाले

२. गलत समय पर गलत चुनाव करने वाले ४. कोई विकल्प सही नहीं है |

ख. जीवन का सफल कलाकार कौन है?

१. जो व्यक्ति सावधानीपूर्वक काम करता है ३. जो सामान्य ढंग से काम करता है

२. जो व्यक्ति असामान्य ढंग से काम करता है ४. जो असावधानीपूर्वक काम करता है

ग. ठीक ढंग से दिनचर्या व्यतीत न करने वाले व्यक्ति की हालत कैसी हो जाती है?

१. स्वस्थ व्यक्ति की तरह ३. पेटू व्यक्ति की तरह

२. अस्वस्थ व्यक्ति की तरह ४. सभी विकल्प सही है

घ. 'कलाकार' शब्द में उचित प्रत्यय कौन-सा है-

१. कर ३. कार

२. कला ४. लाकार

ड. 'उचित' शब्द का विलोम रूप क्या होगा-

१. चित ३. अहित

२. हित ४. अनुचित

2. क. 'खेत' या 'घर' शब्द का तत्सम रूप लिखिए | 1

ख. 'मयूर' या 'दश' शब्द का तद्भव रूप लिखिए | 1

ग. 'गह' या 'दवित' शब्द में पदेन का प्रयोग करते हुए सही शब्द लिखिए | 1

घ. 'भयानक' या 'हरा' शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द लिखिए | 1

ड .'प्रतीक्षा' या 'दिन' शब्द का उचित समानार्थी शब्द लिखिए | 1

च .'जो कम खाता हो' या 'जिसकी उपमा न हो'- इस वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए| 1

क. 'लालच' या 'आगे' शब्द का विशेषण रूप लिखिए | 1

ख. 'मेरे पास तीन कलम है |' इस वाक्य में से विशेषण तथा विशेष्य छाँटकर लिखिए | 1

खंड- 'ख'

3. नीचे लिखे विषयों में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखिए- 4

क. हमारा स्वास्थ्य और व्यायाम ख. भ्रष्टाचार के दुष्परिणाम ग. वन और हमारा पर्यावरण

ख. अपने छोटे भाई को पत्र लिखकर नियमित रूप से पठन एवं लेखन करने का महत्त्व समझाइए | 4

अथवा

दौड़- प्रतियोगिता में प्रथम आने पर मित्र को बधाई देते हुए बधाई पत्र लिखिए |

खंड- 'ग'

4. नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5

आंध्र के घने जंगलों के बीच रहने वाले कोया आदिवासी सीधी-सादी खेती के माध्यम से अपनी रोज़ी-रोटी जुटाया करते थे | पर जब से अंग्रेजों ने उनके बीच आकर अपना हक़ जमाया, उनका जीवन मुश्किल हो गया | अंग्रेजों की योजना थी कि घने जंगलों और पहाड़ों को चीरती हुई एक सड़क बिछाई जाए | पर सड़क के निर्माण कार्य के लिए मजदूर कहाँ से आएँगे? यह सवाल जब तहसीलदार महोदय के सामने आया तो उनकी निगाह कोया आदिवासियों पर पड़ी |

क. कोया आदिवासी कहाँ रहते थे?

१. बिहार के घने जंगलों में ३. आंध्र के घने जंगलों में

२. महाराष्ट्र के घने जंगलों में ४. हरियाणा के घने जंगलों में

ख. आदिवासियों का मुख्य पेशा था -

१. कपड़े बुनना २.लकड़ी काटना ३. सिलाई करना ४.खेती करना

ग. अंग्रेजों की योजना क्या थी?

१. सड़क बनवाने की २. पेड़ लगवाने की ३. नहर बनवाने की ४. घर बनवाने की

घ. 'तहसील' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगेगा, तब एक नया शब्द बनेगा?

१. दर ३. दार

२. घर ४. तह

ङ. 'निगाह' शब्द का समानार्थी शब्द क्या है?

१. आँखें २. दृष्टि ३. नासिका ४. हस्त

5. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पंक्तियों में लिखिए - (किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए) |

2x4=8

क. पिंजरे में बंद रहकर मिलने वाले खाने व पानी की जगह पक्षियों को क्या पसंद है और क्यों?

ख. गाँववाले दारा का सम्मान क्यों करते थे?

ग. पड़ोसी की केबल का तार काटने को लेकर लेखक क्या तर्क देते हैं?

घ. गाँधीजी कागज़ का अपव्यय किस प्रकार करते थे?

ङ. बिजली साहब ने दरख्वास्त की हर तह को धीरे-धीरे क्यों खोला?

च. क्या वास्तव में लेखक और उनके पड़ोसी का व्यवहार एक-दूसरे के प्रति उदार था? अपने विचार बताइए |

6. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में लिखिए - (किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए) |

3x2=6

क. दरबारियों के मन में दारा के प्रति कौन-सा भा था? उन्होंने दारा के खिलाफ़ शाह से क्या कहा?

ख. 'गाँधीजी केवल उपदेशक नहीं थे कर्मयोगी थे' | अपने विचार लिखिए |

ग. महान राष्ट्रीय परंपरा किसे कहा गया है? भोलाराम ने इसका उल्लंघन क्यों किया?

घ. 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता में पक्षियों ने क्या अभिलाषा व्यक्त की है? पक्षियों के प्रति हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए?
